Ref. No. UOU/आर/वि.परि./37/2026/621
Date: **23 अक्टूबर, 2026**

सेवा में,

1. प्रोफेसर पी0के0 मिश्रा, निदेशक, **CPRHE, NIEPA,** 17 श्री अरबिंदो मार्ग नई दिल्ली।
2. प्रोफेसर नीरा कपूर, लाइफ साइंस विभाग, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली।
3. प्रोफेसर हेमवती नंदन, भौतिक विज्ञान विभाग, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), श्रीनगर।
4. प्रोफेसर पवन अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, हिंदी और आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ।
5. प्रोफेसर एच0सी0 पुरोहित, प्रोफेसर एवं डीन, प्रबन्ध अध्ययन विद्याशाखा, दून विश्वविद्यालय, देहरादून।
6. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नामित एक व्यक्ति जो संयुक्त सचिव से निम्न पंक्ति का न हो।
7. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, मानविकी विद्या शाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
8. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
9. प्रोफेसर रेनू प्रकाश, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
10. प्रोफेसर जीतेन्द्र पाण्डे, निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विद्या शाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
11. प्रोफेसर एम0एम0 जोशी, निदेशक, पर्यटन,आतिथ्य एवं होटल प्रबन्धन, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
12. प्रोफेसर प्रवेश कुमार सहगल, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
13. प्रोफेसर गगन सिंह, निदेशक, प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
14. प्रोफेसर आशुतोष कुमार भट्ट, निदेशक, व्यवसायिक अध्ययन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
15. प्रोफेसर मंजरी अग्रवाल, निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
16. प्रोफेसर डिगर सिंह फर्स्वाण, निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
17. प्रोफेसर अरविन्द भट्ट, निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
18. प्रोफेसर राकेश चन्द्र रयाल, निदेशक, पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
19. प्रोफेसर कमल देवलाल, निदेशक, विधि विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
20. प्रोफेसर दुर्गेश पंत, आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
21. डॉ0 हरीश चन्द्र जोशी, सह-प्राध्यापक, वानिकी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
22. डॉ0 वीरेन्द्र कुमार, सह-प्राध्यापक, कृषि, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
23. डॉ0 सुमित प्रसाद, सहायक प्राध्यापक, प्रबंध अध्ययन, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
24. डॉ0 ममता कुमारी, सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्र, उत्तरराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
25. श्री सूर्य प्रताप सिंह, मुख्य वित्त अधिकारी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।
26. प्रोफेसर सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (आमंत्रित सदस्य)।

महोदय/महोदया,

दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 (शुक्रवार) को सम्पन्न उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की **विद्या परिषद** की **37वीं** बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। कार्यवृत्त में यदि कोई परिवर्तन/संशोधन हो तो, कृपया अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन/संशोधन किया जा सके।

सादर,

भवदीय,

(खेमराज भट्ट)
कुलसचिव/ सदस्य सचिव, विद्या परिषद

प्रतिलिपि:- कुलपति जी के वैयक्तिक अधिकारी को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 (शुक्रवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में प्रातः 11.30 बजे विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में सम्पन्न विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 37वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1. प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहनी, — अध्यक्ष
   कुलपति,
   उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,
   हल्द्वानी।

2. प्रोफेसर नीरा कपूर, — सदस्य
   लाइफ साइंस विभाग,
   इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली।

3. प्रोफेसर हेमवती नंदन, — सदस्य
   भौतिक विज्ञान विभाग,
   हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), श्रीनगर।
   (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया)

4. डॉ0 एच0सी0 पुरोहित, — सदस्य
   प्रोफेसर एवं डीन,
   प्रबन्ध अध्ययन विद्याशाखा, दून विश्वविद्यालय,
   देहरादून।
   (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया)

5. प्रोफेसर पवन अग्रवाल, — सदस्य
   विभागाध्यक्ष,
   हिंदी और आधुनिक भारतीय भाषा विभाग,
   लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ।
   (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया)

6. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, — सदस्य
   निदेशक, मानविकी विद्याशाखा,
   उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

checked

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

7. प्रोफेसर रेनू प्रकाश, सदस्य
निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

8. प्रोफेसर जीतेन्द्र पाण्डेय, सदस्य
निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्यौगिकी विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

9. प्रोफेसर एम0एम0 जोशी, सदस्य
निदेशक, पर्यटन,आतिथ्य एवं होटल प्रबन्धन विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

10. प्रोफेसर आशुतोष कुमार भट्ट, सदस्य
निदेशक, व्यवसायिक अध्ययन विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

11. प्रोफेसर गगन सिंह, सदस्य
निदेशक, प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

12. प्रोफेसर राकेश चन्द्र रयाल, सदस्य
निदेशक, पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

13. प्रोफेसर डिगर सिंह फर्स्वाण, सदस्य
निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

14. प्रोफेसर मंजरी अग्रवाल, सदस्य
निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

15. प्रोफेसर प्रवेश कुमार सहगल सदस्य
निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

16.	प्रोफेसर अरविन्द भट्ट, निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
17.	प्रोफेसर कमल देवलाल, निदेशक, विधि विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
18.	डॉ0 हरीश चन्द्र जोशी, सह-आचार्य, वानिकी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
19.	डॉ0 वीरेन्द्र कुमार, सह-आचार्य, कृषि, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
20.	डॉ0 सुमित प्रसाद, सहायक आचार्य, प्रबन्ध अध्ययन, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
21.	डॉ0 ममता कुमारी, सहायक आचार्य, शिक्षाशास्त्र, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य
22.	श्री खेमराज भट्ट, कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।	सदस्य सचिव
23.	प्रोफेसर सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय	आमंत्रित सदस्य

बैठक आरम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम सदस्य सचिव, विद्या परिषद द्वारा अध्यक्ष, विद्या परिषद तथा बैठक में ऑनलाइन/ऑफलाइन उपस्थित समस्त सदस्यों/आमंत्रित सदस्यों का विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 37वीं बैठक में स्वागत किया गया।

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

तदुपरान्त माननीय कुलपति जी द्वारा बैठक में स्वंय उपस्थित प्रोफेसर नीरा कपूर एवं आभासीय **(Online)** माध्यम से उपस्थित सदस्यों- प्रोफेसर हेमवती नन्दन, प्रोफेसर पवन अग्रवाल एवं प्रोफेसर एच0सी0 पुरोहित का बैठक में प्रतिभाग हेतु विशेष आभार व्यक्त करते हुए समस्त सदस्यों का विद्या परिषद की 37वीं बैठक में स्वागत किया गया।

समस्त सदस्यों के स्वागतोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत कार्यसूची में सम्मलित प्रत्येक प्रस्ताव को सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। विद्या परिषद द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव का अवलोकन कर सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्तुत प्रस्तावों पर निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:-

प्रस्ताव संख्या 37.01- विद्या परिषद की 36वीं बैठक दिनांक 31.07.2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विद्या परिषद की 36वीं बैठक दिनांक 31.07.2026 का कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–यू0ओ0यू0/R/वि0परि0/36/2026, दिनांक 01.08.2026 द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य इस अनुरोध के साथ परिचालित किया गया था कि कार्यवृत्त में यदि कोई संशोधन प्रस्तावित हो तो अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि कार्यवृत्त की पुष्टि के समय प्रस्तावित संशोधन को संज्ञान में लेते हुए यथा आवश्यक परिवर्तन किया जा सके। तदनुसार परिचालित कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई असहमति/संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है।

निर्णय:- *विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार प्रस्ताव से अवगत होते हुए सर्वसम्मति से विद्या परिषद की 36वीं बैठक दिनांक 31.07.2026 के कार्यवृत्त की पुष्टि को अनुमोदित किया गया।*

प्रस्ताव संख्या 37.02- विद्या परिषद की 36वीं बैठक दिनांक 31.07.2026 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही।

विद्या परिषद की 36वीं बैठक दिनांक 31.07.2026 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही में सम्मलित समस्त प्रस्तावों पर हुई कार्यवाही से सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया।

निर्णय:- *विद्या परिषद 36वीं बैठक दिनांक 31.07.2026 के निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही से अवगत हुई। तद्क्रम में परिषद द्वारा विश्वविद्यालय स्तर से प्रत्येक प्रस्ताव पर की गई कृत कार्यवाही पर सहमति व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

प्रस्ताव संख्या-37.03- विश्वविद्यालय में एकादश दीक्षान्त समारोह आयोजित किए जाने की सूचना एवं दीक्षान्त समारोह में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को उपाधियां व स्वर्ण पदक प्रदान किए जाने के संबंध में।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय 10 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष एक बार दीक्षांत समारोह आयोजित किए जाने की

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

व्यवस्था है। इस परिनियम के अन्तर्गत विनिर्मित अध्यादेश के अध्याय ग्यारह में भी दीक्षान्त समारोह आयोजित किए जाने से संबंधित विस्तृत उल्लेख है।

परिनियमावली की उक्त व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय का एकादश दीक्षान्त समारोह **दिनांक 18 नवम्बर, 2026 (बुधवार)** को आयोजित किया जाना है। नियत तिथि के संबंध में माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालय के पत्र संख्या-34321/ जी0एस0(शिक्षा)/C7-19/2016, दिनांक 12 अक्टूबर, 2026 के माध्यम से स्वीकृति प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय में **शैक्षणिक सत्र 2025-26** में पीएच0डी0(शोध उपाधि) में **07,** स्नातक में **7,820,** स्नातकोत्तर में **7,036** एवं पी0जी0डी0जे0एम0सी0 में **01** शिक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पीएच0डी0(शोध उपाधि)/स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण **कुल 14864** शिक्षार्थियों को दीक्षान्त समारोह में उपाधियां एवं **34 स्वर्ण पदक** प्रदान किए जाने हैं, जिसमें **28** नियमित स्वर्ण पदक (**07** स्नातक स्तर, **04** स्नातक स्तर (NEP) व **17** स्नातकोत्तर स्तर), **02** कुलाधिपति स्वर्ण पदक (**01** स्नातक स्तर व **01** स्नातकोत्तर स्तर) तथा **04** प्रायोजित स्वर्ण पदक (Sponsored Madel) हैं जिनकी सूची प्रस्ताव के साथ संलग्न की गई है।

अत: उक्तानुसार **शैक्षणिक सत्र 2025-26** में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी0जी0डी0जे0एम0सी0 स्तरों पर उत्तीर्ण **कुल 14857** शिक्षार्थियों एवं **07** शोध उपाधि धारकों **कुल 14864** शिक्षार्थियों को उपाधि एवं **34 स्वर्ण पदक** प्रदान किए जाने हेतु प्रस्ताव विद्या परिषद के अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय:- ***विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव के साथ संलग्न पीएच0डी0(शोध उपाधि), स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी0जी0डी0जे0एम0सी0 स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों एवं स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची का अवलोकन किया गया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय के एकादश दीक्षान्त समारोह में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी0जी0डी0जे0एम0सी0 स्तरों पर उत्तीर्ण कुल 14857 शिक्षार्थियों एवं 07 शोध उपाधि धारकों, कुल 14864 शिक्षार्थियों को उपाधि एवं 28 नियमित स्वर्ण पदक, 02 कुलाधिपति स्वर्ण पदक तथा 04 प्रायोजित स्वर्ण पदक (Sponsored Madel) कुल 34 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 37.04- विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय के एकादश दीक्षान्त समारोह में उत्तराखण्ड राज्य के कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को मानद उपाधि (Honoris Causa) प्रदान किए जाने के संबंध में विचार।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय-आठ '**मानद उपाधि प्रदान करना**' (धारा 5(चार)) परिनियम 36(4) में वर्णित व्यवस्थानुसार उत्तराखण्ड राज्य के कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्वविद्यालय के **एकादश दीक्षान्त** समारोह में **मानद उपाधि (Honoris Causa)** प्रदान की जानी प्रस्तावित है। मानद उपाधि हेतु उत्तराखण्ड राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों के नाम चिन्हित किए जाने की प्रक्रिया वर्तमान में गतिमान है।

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

विशिष्ट व्यक्तियों के नाम चिन्हित होने के उपरान्त स्वीकृति हेतु प्रस्ताव माननीय कुलाधिपति जी को प्रेषित किया जाएगा।

निर्णय:- ***विश्वविद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों को मानद उपाधि दिए जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव की विद्या परिषद द्वारा प्रशंसा की गई तथा मानद उपाधि प्रदान किए जाने हेतु विशिष्ट व्यक्तियों के नाम चिन्हित किए जाने हेतु सर्वसम्मति से माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।***

प्रस्ताव संख्या 37.05- विश्वविद्यालय की कुल छात्र संख्या की गणना में एक से अधिक कार्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों के पंजीकरणों को पृथक-पृथक सम्मिलित किए जाने के संबंध में।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रभारी प्रवेश, डॉ0 सुमित प्रसाद द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के नियामक प्रावधानों के अंतर्गत शिक्षार्थियों को एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने की सुविधा अनुमन्य है। तद्क्रम में विश्वविद्यालय में एक से अधिक कार्यक्रमों में पंजीकृत ऐसे शिक्षार्थियों द्वारा दोनों शैक्षणिक कार्यक्रमों में पृथक-पृथक पंजीकरण कराया जाता है, दोनों कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग शुल्क का भुगतान किया जाता है, संबंधित कार्यक्रमों की परीक्षाओं में पृथक-पृथक सम्मिलित हुआ जाता है तथा दोनों कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें पृथक-पृथक उपाधियाँ (डिग्रियाँ) प्रदान की जाती हैं।

अतः विश्वविद्यालय की कुल छात्र संख्या की गणना में प्रत्येक कार्यक्रम के पंजीकरण को पृथक इकाई के रूप में सम्मिलित किए जाने पर विचार किए जाने हेतु दिनांक 21 अक्टूबर, 2026 को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में निदेशक मण्डल की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक मण्डल द्वारा संस्तुति की गई कि - विश्वविद्यालय की कुल छात्र संख्या की गणना में प्रत्येक कार्यक्रम के पंजीकरण को पृथक इकाई के रूप में सम्मिलित किया जाना उचित है। तदनुसार, विश्वविद्यालय की कुल छात्र संख्या निर्धारित करते समय ऐसे शिक्षार्थियों के प्रत्येक कार्यक्रम में किए गए पंजीकरण को अलग-अलग जोड़ा जाएगा। इस प्रकार एक से अधिक कार्यक्रमों में पंजीकृत किसी शिक्षार्थी के प्रत्येक कार्यक्रम में किए गए पंजीकरण को विश्वविद्यालय के कुल पंजीकरणों में सम्मिलित किया जाएगा तथा ऐसे शिक्षार्थियों को केवल एक विद्यार्थी के रूप में गणना करने के स्थान पर उनके कार्यक्रमवार पंजीकरणों के आधार पर कुल छात्र संख्या निर्धारित की जाएगी।

उपर्युक्त विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत निदेशक मण्डल द्वारा संस्तुति की गई कि विश्वविद्यालय की कुल छात्र संख्या की गणना में एक से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों के प्रत्येक कार्यक्रम में किए गए पंजीकरण को पृथक-पृथक सम्मिलित किए जाने के प्रस्ताव को आवश्यक विचार-विमर्श एवं अग्रिम निर्णय हेतु विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। तद्क्रम में विश्वविद्यालय की कुल छात्र संख्या की गणना में एक से अधिक कार्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों के पंजीकरणों को पृथक-पृथक सम्मिलित किए जाने के संबंध में दिनांक 21 अक्टूबर, 2026 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

निर्णय:- *प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की कुल छात्र संख्या की गणना में एक से अधिक कार्यक्रमों में पंजीकृत शिक्षार्थियों के पंजीकरणों को पृथक-पृथक सम्मिलित किए जाने के संबंध में दिनांक 21 अक्टूबर, 2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

प्रस्ताव संख्या 37.06- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में National Council for Vocational Education and Training (NCVET) से मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु निर्मित नियमावली का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर निदेशक, व्यवसायिक अध्ययन, प्रोफेसर आशुतोष कुमार भट्ट द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में National Council for Vocational Education and Training (NCVET) से मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु नियमावली निर्मित किए जाने हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा निदेशक अकादमिक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। गठित समिति द्वारा NCVET से मान्यता प्राप्त Assistant Home stay Manager तथा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जाने वाले अन्य एनएसक्यूएफ संरेखित कौशल कार्यक्रमों के लिए यूओयू स्किल ट्रेनिंग सेंटरों के पैनलीकरण एवं संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों का प्रारूप तैयार किया गया है।

प्रस्तावित दिशा-निर्देशों में स्किल ट्रेनिंग सेंटरों की पात्रता, आवेदन एवं निरीक्षण प्रक्रिया, पैनलीकरण, प्रशिक्षण व्यवस्था, व्यावहारिक प्रशिक्षण, कार्यस्थल प्रशिक्षण, मूल्यांकन, वित्तीय प्रावधान, अभिलेख प्रबंधन, अनुश्रवण, नवीनीकरण, निलंबन तथा शिक्षार्थी हित संरक्षण से संबंधित प्रावधान सम्मिलित किए गए हैं। गठित समिति द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के स्किल ट्रेनिंग सेंटरों के पैनलीकरण एवं संचालन हेतु निर्मित नियमावली को विद्या परिषद की 36वीं बैठक दिनांक 31 जुलाई, 2026 में प्रस्तुत किया गया था जिस पर विद्या परिषद द्वारा निम्नानुसार निर्णय पारित किया गया :-

> **"प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर विद्या परिषद द्वारा निर्णय पारित किया गया कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में National Council for Vocational Education and Training (NCVET) से मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों के संचालन के लिए नियमावली निर्मित किए जाने हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा गठित समिति सभी नियमों, प्रक्रियाओं आदि का भली-भांति पुनः परीक्षण कर विस्तृत विवरण परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।"**

विद्या परिषद के निर्देशानुसार गठित समिति द्वारा उक्त नियमावली का पुनः परीक्षण कर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है, जो संलग्नक के रूप में विद्या परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय:- *प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर विद्या परिषद द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में National Council for Vocational Education and Training (NCVET) से मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु निर्मित नियमावली पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

प्रस्ताव संख्या 37.07- पर्यटन विभाग के पीएच0डी0 शोधार्थी अंकुर मित्तल नामांकन संख्या-21240616 एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के दीपक सोराड़ी नामांकन संख्या- 19191970 की दिनांक 27.08.2026 तथा दिनांक 25.09.2026 को सम्पन्न मौखिक परीक्षा की आख्या का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि **पर्यटन विभाग** के पीएच0डी0 शोधार्थी **अंकुर मित्तल** नामांकन संख्या-**21240616 एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के दीपक सोराड़ी नामांकन संख्या-19191970** की पीएच0डी0 मौखिक परीक्षा डॉ0 अखिलेश सिंह एवं डॉ0 देबकी सिरोला, शोध निर्देशक की उपस्थिति में क्रमश: **दिनांक 27.08.2026** तथा **दिनांक 25.09.2026** को सम्पन्न करा ली गई है। मौखिक परीक्षा की आख्या को माननीय कुलपति जी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

क्रम सं0	पीएच0डी0 शोधार्थी का नाम	नामांकन संख्या	शोध निर्देशक	पीएच0डी0 मौखिक परीक्षा की तिथि	विभाग/ विषय	शोध शीर्षक
1.	ANKUR MITTAL (अंकुर मित्तल)	21240616	डॉ0 अखिलेश सिंह	27.08.2026	पर्यटन प्रबंधन (Tourism Management)	"TOURISM IN KURUKSHETRA: A STUDY OF MOTIVATION, SATISFACTION AND REVISIT INTENTION OF TOURISTS"
2.	DEEPAK SORARI (दीपक सोराड़ी)	19191970	डॉ0 देबकी सिरोला	25.09.2026	शिक्षाशास्त्र	"उत्तराखण्ड राज्य में स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों की वर्तमान स्थिति एवं चुनौतियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन"

निर्णय:- *विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर माननीय कुलपति जी की स्वीकृति पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

प्रस्ताव संख्या 37.08- विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) की संस्तुतियों का अनुमोदन।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत विभिन्न विभागों/ विषयों की अध्ययन बोर्ड (Board of Studies) की बैठकें विभिन्न तिथियों में सम्पन्न हुई हैं, जिसमें अध्ययन बोर्ड द्वारा विभिन्न प्रकरणों पर निम्नानुसार संस्तुति प्रदान की गई है:-

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

क्रम सं0	विद्या शाखा का नाम	विषय/विभाग	कार्यक्रम का नाम/अध्ययन बोर्ड की संस्तुति	संलग्नक
1.	पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा	पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन	पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (MAJMC) के पाठ्य संरचना में अध्ययन बोर्ड द्वारा निम्नानुसार संशोधन किए जाने की संस्तुति की गई:- **1.** प्रस्तावित पाठ्य संरचना के आधार पर अब प्रत्येक कोर्स **05** श्रेयांक (**5 Credits**) का होगा, एक सेमेस्टर **20** (**20 Credits**) श्रेयांक का तथा **4** सेमेस्टर अर्थात पूरा कार्यक्रम **80** (**80 Credits**) श्रेयांक को होगा जो कि पूर्व में **64** श्रेयांक (**64Credits**) का था। **2.** कार्यक्रम का चतुर्थ सेमेस्टर पहले पूर्ण रूप से लघुशोध व उस पर आधारित मौखिक परीक्षा का था जिसकी जगह अब दो कोर्स **MMC-401** एवं **MMC-402** सैद्धांतिक होगें, कोर्स **MMC-403** व्यहवारिक प्रशिक्षण एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर आधारित होगा तथा **MMC-404** की सम्पूर्ण कार्यक्रम की सैद्धांतिक-व्यवाहरिक जानकारी पर आधारित मौखिक परीक्षा होगी। **3. MMC-404** के तहत मीडिया में कार्यरत शिक्षार्थियों को अपने कार्यरत होने का प्रमाण-पत्र या सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करना होगा तथा इन शिक्षार्थियों को कम से कम **50** पृष्ठों का लघुशोध/प्रोजेक्ट रिपोर्ट किसी समसामयिक विषय पर तैयार करके विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में पत्रकारिता विभाग में जमा करना होगा। जो शिक्षार्थी किसी भी	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 05.08.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित।

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

			मीडिया संस्थान में कार्यरत नहीं हैं उन्हे किसी प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान में कम से कम **21** दिन का व्यवहारिक परीक्षण लेना होगा जिसका प्रमाण पत्र उन्हें पोर्टफोलियों के साथ विश्वविद्यालय मे जमा करना होगा। **4.** ईकाई लेखन कार्य हेतु विषय विशेषज्ञों का चयन समिति के सदस्यों की सर्वसम्मति से निदेशक पत्रकारिता की संस्तुति के आधार पर माननीय कुलपति जी के अनुमोदनानुसार किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई।	
2.	विज्ञान	भौतिक विज्ञान	**1. Restructuring & Revision of M.Sc. Physics Syllabus:** • The Committee approved the proposal to revise the credit structure of the M.Sc. Physics programme by increasing the credit weightage of each course from 3 credits to 4 credits. • The BOS members reviewed the programme structure of the Postgraduate (PG) program and recommended the syllabus as appended in Annexure I. • The revised 4-credit structure and expanded syllabus will be implemented in (Semesters I & II) starting from the upcoming academic	अध्ययन बोर्ड की दिनांक 12.10.2026 को सम्पन्न बैठक की संस्तुतियां कार्यवृत्त सहित।

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

			session. Syllabus of Semesters III & IV will be restructured in the next phase. **2. Launch & Approval of Certificate Course in Astronomy & Astrotourism (CPH-AA):** • The Committee granted formal approval for launching the 6-month skill-oriented Certificate Course in **Astronomy &Astrotourism (Course Code: CPHAA)** under ODL mode. • The BOS members reviewed the programme structure and syllabus of the Certificate Course in Astronomy and Astrotourism and recommended their approval, as detailed in Annexure II. • Minimum eligibility is set as 10+2 or equivalent from a recognized board.	

अत: उक्तानुसार विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत सम्पन्न अध्ययन बोर्डों की संस्तुतियॉ, NEP के तहत निर्मित पाठ्यक्रम/पी0पी0आर/पाठ्यक्रम संशोधन आदि से संबंधित समस्त अभिलेख प्रस्ताव के साथ संबंधित अध्ययन बोर्ड की पत्रावलियों सहित विद्या परिषद के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जा रही है।

निर्णय:- *विद्या परिषद द्वारा उक्तानुसार सम्पन्न अध्ययन बोर्डों की संस्तुतियों एवं अध्ययन बोर्ड द्वारा NEP के तहत निर्मित पाठ्यक्रम/पी0पी0आर/पाठ्यक्रम संशोधन आदि से संबंधित समस्त अभिलेखों का अवलोकन कर पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन तथा भौतिक विज्ञान विषय के अध्ययन बोर्ड की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत*

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

अनुमोदन प्रदान किया गया। तद्क्रम में प्रस्तुत प्रस्ताव पर परिषद की बाह्य सदस्य प्रोफेसर नीरा कपूर द्वारा सुझाव दिया गया कि Astronomy & Astrotourism में प्रस्तावित प्रमाण-पत्र कार्यक्रम संचालित किए जाने हेतु विश्वविद्यालय के पास तद्संबंधी उपकरण जैसे- टेलीस्कोप आदि की व्यवस्था आवश्यक रूप से होनी चाहिए। एक अन्य सदस्य द्वारा मत व्यक्त किया गया कि संबंधित कार्यक्रमों में AI को भी जोड़ लिया जाय। सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर विद्या परिषद द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

प्रस्ताव संख्या 37.09- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।

प्रस्ताव संख्या 37.09.01- स्पेनिश, जापानी एवं चीनी भाषाओं में प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों के समन्वयकों के मानदेय तथा पदनाम के संबंध में विचार।

निर्णय:- *स्पेनिश, जापानी एवं चीनी भाषाओं में प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों के समन्वयकों के मानदेय तथा पदनाम के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के उपरान्त विद्या परिषद द्वारा उक्त कार्यक्रमों के समन्वयकों के मानदेय तथा पदनाम निर्धारित किए जाने हेतु निम्नानुसार एक समिति का गठन करते हुए गठित समिति की संस्तुतियां विश्वविद्यालय की आगामी कार्य परिषद की बैठक में प्रस्तुत किए जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया:-*

1. प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा।
2. प्रोफेसर नीरा कपूर, लाइफ साइंस विभाग, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली।
3. प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, अकादमिक।
4. डॉ0 सुचित्रा अवस्थी, सह-प्राध्यापक/पाठ्यक्रम समन्वयक, अंग्रेजी।

कार्यसूची में सूचीबद्ध समस्त प्रस्तावों एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत अन्य प्रस्तावों पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन के उपरान्त विद्या परिषद के सदस्य सचिव/कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों, विशेषकर बाह्य सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी सदस्यों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव/सदस्य सचिव, विद्या परिषद

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

कुलपति/अध्यक्ष, विद्या परिषद

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)